पत्रांकः–भ0 / स्था–04–परिचारी–03 / 2026...../

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नन्दन सिन्हा
संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
भवन निर्माण विभाग।

पटना, दिनांकः–

विषयः– कार्य विभाग क्षेत्रीय सामान्य लिपिकीय संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्त्तें) नियमावली 2026 में वर्णित प्रावधान के तहत कार्यालय परिचारी संवर्ग के कर्मियों की प्रोन्नति के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय अधिसूचना सं0–5884(भ) दिनांक–24.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय अधिसूचना सं0–5884(भ) दिनांक–24.06.2026 की कंडिका–04(ii) में प्रावधानित है किः– "निम्नवर्गीय लिपिक के 85 प्रतिशत पदों को सीधी भर्त्ती से आयोग द्वारा इस प्रयोजनार्थ आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा की अनुशंसा के आधार पर भरा जायेगा।"

कंडिका–04(iii) में प्रावधानित है किः– **"शेष 15 प्रतिशत पदों को कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) संवर्ग के वैसे कर्मियों से, वरीयता–सह–योग्यता के आधार पर, प्रोन्नति द्वारा भरा जायेगा, जो निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता रखते हो तथा जिन्हें कम्प्यूटर संचालन एवं कम्प्यूटर टंकण का ज्ञान हो।"**

उक्त प्रासंगिक नियमावली की कंडिका–6(i) में उल्लेखित है कि "नियुक्ति प्राधिकार कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) की वरीयता सूची से निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति की शैक्षणिक अर्हता रखने वाले कर्मियों की निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नति पर विचार करेगा।" साथ ही उक्त नियमावली कंडिका–06(ii) में वर्णित है कि "निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नति वरीयता–सह–योग्यता अनुसार विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर दी जाएगी।" विदित हो कि उक्त नियमावली की कंडिका–02(vii) में विहित प्रावधान के आलोक में अधीनस्थ क्षेत्रीय संवर्ग के लिपिक संवर्ग के कर्मियों के लिए आप नियुक्ति प्राधिकार है।

अतः उपर्युक्त वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) से निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नति पर विचारण हेतु आपके कार्यालय एवं अधीनस्थ अंचलों/प्रमंडलों के कर्मियों की वरीयता सूची का निर्धारण कर **"कार्य विभाग क्षेत्रीय सामान्य लिपिकीय संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्त्तें) नियमावली 2026" की कंडिका–04(iii), 06(i) एवं 6(ii) में विहित प्रावधानों** के आलोक में नियमानुसार सुपात्र कर्मियों की प्रोन्नति हेतु आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

ह0/–
(अवधेश नन्दन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः– 10693 (97) पटना, दिनांक– 17/11/26

प्रतिलिपिः–सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17.11.26

सरकार के संयुक्त सचिव।